रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1044] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 31, 2012/ज्येष्ठ 10, 1934
No. 1044] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 31, 2012/JYAISTHA 10, 1934

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मई, 2012

का.आ. 1260(अ).—एशियाई सिंह और विरल और संकटापन्न जैव-विविधता की दीर्घकालीन सुरक्षा और संरक्षण करने के मुख्य उद्देश्य से जूनागढ़ तालुका और जूनागढ़ जिले के भेसान तालुका में गिरनार आरक्षित वन की 17827.29 हेक्टेयर भूमि को गिरनार वन्यजीव संरक्षित अभयारण्य के रूप में घोषित किया गया था;

और गिरनार वनों को दक्षिणी उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती और शुष्क सागौन वन, जो प्रचुर मात्रा में जैव-विविधता के पौधों से घिरा हुआ है, के रूप में प्रवर्गीकृत किया गया है और इसमें कई किस्म के स्तनपायी, सरीसृप, कीट तथा महत्वपूर्ण नदियों जैसे कि सोनरख, गुडाजली, लोई का जलग्रहण क्षेत्र है और इनकी जूनागढ़ के जल तल को पुन: चार्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका है;

और अभयारण्य के अत्याधिक निकट मानवीय निवास, चल रहे विकासात्मक क्रियाकलापों, औद्योगिकीकरण और अभयारण्य के आसपास खनन क्रियाकलापों के कारण यह आवश्यक हो गया है कि दीर्घकालीन वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ऐसे क्रियाकलापों पर उचित रक्षोपायों और नियंत्रण की आवश्यकता है;

और गिरनार वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र का पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के रूप में संरक्षण और सुरक्षा किया जाना आवश्यक है;

और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित उप-धारा (1) के अधीन पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के अधीन यथा अपेक्षित भारत सरकार की प्रारूप अधिसूचना संख्या का.आ. 1264(अ), तारीख 1 जून, 2011 भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित की गई थी, जिसमें प्रभावित होने की संभावना व्यक्तियों से राजपत्र में उपर्युक्त अधिसूचना को जनसाधारण को उपलब्ध कराए जाने की तारीख से साठ दिन के भीतर आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे;

और उपर्युक्त अधिसूचना की राजपत्र में अंतर्विष्ट प्रतियां जनसाधारण को 1 जून, 2011 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और केंद्रीय सरकार द्वारा प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में प्राप्त सभी आक्षेपों और सुझावों पर सम्यक रूप से विचार कर लिया गया है ;

अतः अब केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (2) के खंड (V) और (XiV) के साथ पठित उप-धारा (I) और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुजरात राज्य में जूनागढ़ जिले के जूनागढ़ और भेसान तालुकों में आरक्षित वन में गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील अंचल गिरनार वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र की सीमा के भीतर 5 किलोमीटर तक के क्षेत्र को इको सेन्सिटिव जोन (जिसको इसमें इसके पश्चात गिरनार पारिस्थितिकी संवदेशनशील जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है ।

1. गिरनार वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमाएं -

गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन का लगभग 9317.58 हेक्टेयर परिधीय क्षेत्र होगा जिसके अंतर्गत जूनागढ़ और भेसान ताल्लुका के 27 ग्राम हैं । पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की परिधीय सीमा सभी ओर से 0-5 किलोमीटर है । पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र का मानचित्र और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम बिंदु अधिसूचना के **उपाबंध-I** के रूप में संलग्न है और गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के भीतर आने वाले ग्राम **उपाबंध-II** के रूप में संलग्न है ।

2. गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के लिए जोनल महायोजना.-

(1) गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन का जोनल महायोजना, राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति में तैयार किया जाएगा, जो कि वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), राज्य में तत्समय प्रवृत्त नगर एवं ग्राम योजना से संबंधित विधि में विनिर्दिष्ट किया गया है, प्रभागीय कार्य योजनाएं और मार्गनिर्देश केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए जाएंगे जो कि इस अधिसूचना के जारी होने के पश्चात् दो वर्ष के भीतर केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित होंगे ।

(2) जोनल महायोजना को सभी संबंधित राज्यों के पर्यावरण और वन, शहरी विकास, पर्यटन, नगरपालिका, राजस्व विभागों और गुजरात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के परामर्श से पर्यावरण और पारिस्थितिकी के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करने की दृष्टि से तैयार किया जाएगा।

(3) जोनल महायोजना, वृक्षहीन क्षेत्र को प्रत्यावर्तित करने, विद्यमान जल निकायों का संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल प्रबंधन, भूजल प्रबंधन, मिट्टी और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदाय और पारिस्थितिकी और पर्यावरण के अन्य पहलुओं की आवश्यकताओं के लिए उपबंध करेगा।

(4) जोनल महायोजना, सभी विद्यमान पूजा स्थानों, गांवों, बस्तियों, वनों के प्रकारों और वनों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्रों, उद्यान क्षेत्रों, आर्किड, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा निर्धारित करेगा।

(5) चाय बागानों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, उद्यानों और ऐसे ही अन्य क्षेत्रों के भू-उपयोग का हरित उपयोग से गैर हरित उपयोग में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी । तथापि, विद्यमान स्थानीय निवासियों की प्राकृतिक वृद्धि के कारण उनकी आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से अत्यधिक सीमित मात्रा में कृषि भूमि के भू-उपयोग को बदलने की अनुमति दी जा सकेगी ।

(6) जोनल महायोजना मॉनीटरी समिति के लिए उसके द्वारा किए जाने वाले किसी विनिश्चय के लिए एक निर्देश दस्तावेज होगा ।

(7) 5000 और उससे अधिक जनसंख्या वाले सभी मानव पर्यावास क्षेत्रों में क्षेत्र विकास योजना होंगी और उन्हें स्थानीय स्व-सरकार के मार्गदर्शन में तैयार किया जाएगा ।

(8) पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन हेतु जोनल महायोजना तैयार होने और पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा उसका अनुमोदन होने तक सभी नए निर्माणों और अन्य विकासात्मक कार्यकलापों को अधिसूचना के पैरा 4 के उप-पैरा (4) के अनुसार मॉनीटरी समिति द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(9) हरित क्षेत्र जैसे वन क्षेत्र और कृषि क्षेत्र को पारिणामिक रूप से कम नहीं किया जाएगा और अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों को वन क्षेत्रों में परिवर्तित किया जा सकेगा।

(10) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार अन्य उपाय विनिर्दिष्ट कर सकेगी यदि इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में आवश्यक समझा जाता है ।

3. **पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में प्रतिषिद्ध, विनियमित और अनुज्ञात क्रियाकलाप.-** गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में किए जाने वाले समस्त क्रियाकलाप वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69) और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे । इस पैरा के उपबंधों के अधीन रहते हुए पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में कार्यकलाप, इस अधिसूचना के **उपाबंध III** के अनुसार विनियमित किए जाएंगे ।

(1) औद्योगिक इकाइयां :

राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदनशील जोन के भीतर किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा और क्षेत्र में गैर प्रदूषणकारी उद्योगों पर न्यूनतम 50 मीटर चौड़ी हरित पट्टी की व्यवस्था के साथ विचार किया जाएगा ।

(2) सन्निर्माण क्रियाकलाप :

ग्राम पाटला, विशाल हडमटिया, मेंडपाई, धूढाला, मलिडा, पासवला, करिया, समतपाडा, पटवाड़, छोडवाडी, नवनाघानिया, मंडलिकपुर, बंधाला, भालगाम, मंडनपारा, तोरनिया और खड़िया ग्रामों में फार्महाउस, होटल, रिसार्ट और ऐसे अन्य क्रियाकलापों जिनकी वजह से अविनियमित पर्यटन हो इन सब पर सख्ती से नियंत्रण किया जाएगा और पैरा 4 में यथाविनिर्दिष्ट मानीटरी समिति द्वारा मानीटर किया जाएगा ।

(3) उत्खनन और खनन :

पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में कोई खनन, क्रसिंग कार्य और भू-दृश्य में ऐसा कोई परिवर्तन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जिससे जल-विज्ञान और क्षेत्र की पारिस्थितिकी प्रभावित होती हो ।

IndiaCode

(4) वृक्ष :

वन में वृक्षों की कटाई सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना या प्रबंध योजना के अनुसार होनी चाहिए और निजी या राजस्व भूमि पर कटाई राज्य विनियमों के अनुसार अनुज्ञात की जा सकेगी ।

(5) पर्यटन :

पर्यटन क्रियाकलाप पर्यटन मास्टर प्लान के अनुसार होंगे जो पारिस्थितिकीय शिक्षा और पारिस्थितिकीय विकास पर बल देंगे तथा पर्यावरण ओर वन विभाग द्वारा पर्यटन विभाग के सौजन्य से तेयार किए जाएंगे जो जोनल महायोजना का एक संगठन होगा ।

(6) भूजल :

(क) भूमि के अधिभोगी को, खेती और घरेलू उपयोग के लिए भू-जल को निकालने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ।

(ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग हेतु भू-जल निकालने के लिए राज्य भू-जल बोर्ड और निगरानी समिति से पूर्व लिखित अनुमति लेनी होगी जिसके अंतर्गत ऐसी मात्रा भी है जो उसमें से निकाली जा सकती है।

(ग) जल के संदूषण या प्रदूषण को जिसके अंतर्गत गतिविधियों से संदूषण या प्रदूषण भी है, रोकने के लिए समुचित उपाय किए जाएंगे ।

(7) प्लास्टिक का उपयोग :

कोई भी व्यक्ति पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन (पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन) में प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करेगा और प्लास्टिक की वस्तुओं के निस्तारण का कड़ाई से विनियमित किया जाएगा।

(8) ध्वनि प्रदूषण :

राज्य सरकार के पर्यावरण विभाग या वन विभाग को पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में ध्वनि-नियंत्रण के लिए दिशानिर्देश और विनियम बनाने और जारी करने का प्राधिकार होगा ।

IndiaCode

(9) बहिस्रावों का निस्सारण :

पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के भीतर किसी जल निकाय या भूमि में अनुपचारित या औद्योगिक बहिस्राव का निस्तारण किए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और अवचारित अपशिष्ट जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के उपबंधों के अनुरूप होगा।

(10) ठोस अपशिष्ट :

(क) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में ठोस अपशिष्ट का व्ययन केन्द्रीय सरकार समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908 (अ), तारीख 25 सितम्बर, 2000 द्वारा अधिसूचित नगर पालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) (i) स्थानीय प्राधिकारी जैव-निम्नकरणीय और गैर जैव-निम्नकरणीय घटकों में ठोस अपशिष्टों के पृथक्करण के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ।

(ii) जैव-निम्नकरणीय सामग्री का अधिमानी रूप से कम्पोस्टिंग और वर्मी कल्चर के माध्यम से पुनःचक्रण किया जायेगा।

(iii) अकार्बनिक सामग्री को पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर्यावरणीय रूप से स्वीकार्य रीति में व्ययनित किया जा सकेगा; और

(iv) पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाने या जलाए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(11) प्राकृतिक झरने :

सभी झरनों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी तथा सूख चुके झरनों को उनके प्राकृतिक रूप में संरक्षण और पुनर्जीवित करने की योजना को जोनल महायोजना में सम्मिलित किया जाएगा तथा राज्य सरकार इन क्षेत्रों पर या उनके आस-पास क्रियाकलाप को प्रतिबद्ध करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत जारी करेंगी ।

IndiaCode

(12) जागरूकता :

राज्य पर्यावरण और वन विभाग पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन में आने वाले प्रत्येक गांव में वन्यजीव अभयारण्य के महत्व और उपयोगिता को रेखांकित करते हुए नियमित रूप से प्रकृति शिक्षा तथा पर्यावरणीय जागरूकता अभियान चलाएगा ।

4. मानीटरी समिति -

(1) केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के अनुपालन की निगरानी के लिए गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन निगरानी समिति नामक एक समिति का गठन करती हैं;

(2) उप पैरा (1) में निर्दिष्ट मानीटरी समिति निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी जिसमें अधिकतम दस सदस्य होंगे; अर्थात् :-

(क) कलेक्टर, जूनागढ़ - अध्यक्ष;

(ख) पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(ग) पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि, जिसे भारत सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य;

(घ) क्षेत्रीय अधिकारी, गुजरात राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जूनागढ़ - सदस्य;

(ड.) क्षेत्र का सीनियर टाउन प्लानर - सदस्य;

(च) वन और पर्यावरण विभाग, गुजरात सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(छ) पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र का एक विशेषज्ञ - सदस्य

(ज) उप वन संरक्षक, (गिरनार वन्यजीव अभयारण्य का भारसाधक) जूनागढ़- सदस्य सचिव

IndiaCode

(3) मानीटरी समिति की शक्तियाँ कृत्य और इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन तक निर्बन्धित होंगे ।

(4) ऐसे क्रियाकलापों की दशा में, जिनके लिए भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 के उपबंधों के अधीन पूर्व अनुमति अपेक्षित है, मानीटरी समिति उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन ऐसे मामलों को पूर्व अनापत्तियों के लिए भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय को निर्दिष्ट करेगी।

(5) मानीटरी समिति संबंधित विभागों या संगठनों के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को, मुद्दे-दर-मुद्दे आधारित अपेक्षाओं के आधार पर उनके विचार-विमर्शों पर निर्भर करते हुए सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(6) मानीटरी समिति का अध्यक्ष या संयोजक किसी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध जो इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक अपने क्रियाकलापों के संबंध में की गई कार्रवाई संबंधी वार्षिक रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय को प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण और वन मंत्रालय, समय-समय पर मानीटरी समिति को ऐसे निदेश देगा, जो वह निगरानी समिति के कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए आवश्यक हो ।

[फा. सं. गुजरात/1/2009-ईएसजेड]

डॉ. जी. वी. सुब्रह्मण्यम, वैज्ञानिक 'जी'

IndiaCode


उपाबंध-I

(पैरा 1देखें)

गिरनार वन्यजीव अभयारण्य और गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील ज़ोन का मानचित्र और सीमा के ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम बिन्दु

गिरनार वन्यजीव अभयारण्य
पारिस्थितिकी
संवेदनशील क्षेत्र


Mandwa
Bilakhiyan River
Sukhpur
Kajiya
Sonrakh River
Vadal Hadmatiya
Paila
Kathrota
Vadal
Chhodvadi
Jasvri River
Mota Hadmatiya
Vanthli
Bhalgam
Vanpur
Mota Kotdiya
Chorvadi
Paispur
Ojat River
Vijapur
Ghuvadi
Kevpur
Makhiyala
Jetha Beat
Ramnath Beat
Machhuran Beat
Dhanali Beat
Jasdhara Beat
Jasdhara Beat
Dhanali Beat
Jasdhara Beat
Jasdhara Beat
Jasdhara


गिरनार वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी जोन
N
E
W
S
मान 1:1,00,000
पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन
गिरनार वन्यजीव अभयारण्य
E1
E3
E4
E5
E6
E8
E9
E10
E11
E12
E13
E14
E15
E16
E17
G10
G11
G12
G14
G15
G16
G17
G18
G19
G20
G21
G22
G23

IndiaCode

गिरनार वन्यजीव अभयारण्य सीमा का ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम कोर्डिनेट्स			
क्र.सं.	गिरनार बिन्दु सं.	अक्षांश	देशांतर
1	G1	70:34;12.41	21:35:01.72
2	G2	70:34:46.85	21:35:10.68
3	G3	70:35:22.07	21:34:58.31
4	G4	70:35:39.97	21:33:22.50
5	G5	70:35:59.72	21:31:37.44
6	G6	70:37:04.38	21:32:26.47
7	G7	70:37:19.26	21:30:59.39
8	G8	70:36:27.39	21:28:45.91
9	G9	70:35:00.25	21:28:34.43
10	G10	70:34:06.36	21:28:11.05
11	G11	70:33:23.38	21:27:05.33
12	G12	70:32:44.84	21:26:36.34
13	G13	70:31:11.07	21:26:47.61
14	G14	70:30:11.20	21:27:21.29
15	G15	70:29:07.51	21:27:59.67
16	G16	70:28:24.24	21:28:38.30
17	G17	70:28:13.65	21:29:23.62
18	G18	70:28:29.24	21:30:38.78
19	G19	70:28:39.12	21:31:57.59
20	G20	70:28:26.26	21:32:42.72
21	G21	70:28:32.08	21:33:44.89
22	G22	70:28:55.50	21:34:00.47
23	G23	70:30:01.36	21:34:58.04
24	G24	70:31:16.06	21:35:04.25
25	G25	70:32:33.51	21:35:29.17

पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र सीमा का ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम कोर्डिनेट्स			
क्र.सं.	इको-ज़ोन बिन्दु सं.	अक्षांश	देशांतर
1	E1	70:33:18.8	21:36:00.2
2	E2	70:34:13.7	21:36:13.9
3	E3	70:34:51.5	21:36:08.4
4	E4	70:35:48.8	21:35:57.6
5	E5	70:36:19.6	21:35:17.1
6	E6	70:36:33.1	21:34:39.5
7	E7	70:38:05.6	21:30:00.5

8	E8	70:37:37.5	21:29:05.3
9	E9	70:37:47.8	21:27:01.0
10	E10	70:35:10.7	21:26:28.3
11	E11	70:33:56.8	21:25:59.3
12	E12	70:31:01.9	21:25:33.1
13	E13	70:28:31.0	21:27:56.1
14	E14	70:27:54.9	21:30:06.2
15	E15	70:27:49.3	21:32:28.4
16	E16	70:30:17.3	21:35:45.3
17	E17	70:32:04.9	21:36:04.31

उपाबंध-II
(पैरा 1 देखें)

गिरनार पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में आने वाले गांवों की सूची

IndiaCode

क. तालुका जूनागढ़

दौलतपुरा, सबलपुर, बामनगाम, डेरवन, वाडल, चोकली, मंडलीकपुर, बांधला, भालगाम, मंडनपारा, तोरनिया, खाडिया, डुंगरपुर, प्लासवा, जूनागढ़, भवनाथ ।

ख. तालुका भेसान

बालियावाड, पाटाला, हदमाटिया विशा, मेंडपरा, दुधाला, मालीदा, पासवाला, समतपारा, पाटवाड, छोड़वाडी, नवा वघानिया ।

शामिल किए गये ग्रामों और क्षेत्र के ब्यौरे

लगभग 9317.58 हेक्टेयर पराधीय क्षेत्र को पारि-भंगुर क्षेत्र के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव है । इस क्षेत्र में जूनागढ़ और भेसन तालुका के 27 गांव शामिल हैं । क्षेत्र के ब्यौरे इस प्रकार हैं :

क्र.सं.	गांव का नाम	तालुका	सर्वेक्षण सं.	क्षेत्र (हेक्टेयर में)			सीमाएं	
				वन क्षेत्र	गैर- वन क्षेत्र	कुल क्षेत्र		
1	दौलतपुरा	जूनागढ़	45,43,44,4,3,2,1,38,37,36,39,21, 22,23,35/1,35/2,34,32/1,32/2, 32/3,32/4,33,31,41,40,30,	शून्य	105.74	105.74	उत्तर :-	सबल पुर
							पूर्व :-	गिरनार
							दक्षिण:-	जूनागढ़
							पश्चिम:-	सर्वे सं.,5,6/5,6/4,6/3,18,19,20, 14,28,29
2	सबलपुर	जूनागढ़	29,30/1,30/2,30/3,30/4,59,79,31, 34,35/1,35/2,36,37,38,39,	शून्य	64. 98	64. 98	उत्तर :-	सरगवडा, सुकापुर
							पूर्व:-	बामनगाम, गिरनार
							दक्षिण:-	दौलतपारा
							पश्चिम:-	सर्वे सं.46,44,43,40,39पीटी,33,32,27/1, 28,19/1,17
3	बामनगाम	जूनागढ़	39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 80, 79, 81, 82, 84, 78, 77, 76, 75, 74, 73, 72, 71, 70, 69, 68, 48, 61, 64, 65, 67, 66, 63, 62, 60, 50, 51, 59, 57, 58, 52, 53, 54, 55, 56, 47, 46, 49	शून्य	192.45	192.45	उत्तर :-	जूनागढ़ से भेसान रोड
							पूर्व:-	वादल, डरवन
							दक्षिण:-	गिरनार
							पश्चिम:-	सबलपुर
4	डरवन	जूनागढ़	पूरा गांव	शून्य	176. 8	176. 8	उत्तर :-	वादल
							पूर्व:-	वादल
							दक्षिण:-	गिरनार
							पश्चिम:-	बामनगाम

IndiaCode

5	वादल	जूनागढ़	418, 416, 417/1, 417/2, 420, 419, 121/1, 421, 555, 127, 565, 120, 119, 445, 118, 117, 116, 144, 115, 114, 90, 91, 443/1, 443/2, 442, 92, 554, 93, 94, 425, 540, 96, 95, 426, 551, 98/2, 98/1, 97, 458, 100/1, 100/2, 100/3, 100/4, 552/1, 552/2, 106, 434, 435, 433, 107, 438, 439, 110, 111, 113, 112/1, 112/2, 112/4, 112/3, 109, 437, 436, 108, 105, 432, 431, 109/1, 109/2, 101, 427, 428, 429, 102, 430, 103/1, 103/2, 103/3,	शून्य	285. 89	285. 89	उत्तर :- बामनगाम से चौकाली रोड पूर्व:- चौकाली दक्षिण:- डरवन, गिरनार वन पश्चिम:- बामनगाम
6	चौकली	जूनागढ़	53, 54, 63, 62, 102, 61, 88, 89, 90, 87, 92, 93, 94, 104, 91, 101, 85, 86, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 19, 21, 22, 18, 23, 17/1, 17/2, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 7, 8, 10, 9, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 74, 75, 76, 99, 71/1, 71/2, 70, 69, 68, 67, 72, 100, 66, 65, 64	शून्य	239.71	239.71	उत्तर :- डरवन से भेसान रोड पूर्व:- बिलयावाद दक्षिण:- गिरनार पश्चिम:- वादल
7	बलियावाद	भेसान	71, 73, 72, 80, 81, 82/1, 82/2, 83/1, 83/2, 84/1, 84/2, 84/3, 85/1, 85/2, 1, 122/1, 122/2 2, 3/1, 3/2, 4, 5/1, 5/2, 15, 16, 14, 13, 12, 10, 11, 7, 8, 120/1 120/2, 93, 94/1, 94/2, 92, 121, 91/1, 91/2, 90/1, 90/2, 88, 86, 113, 86, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 87, 96, 97, 89, 95, 98, 99, 100, 101, 102, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 109, 110, 111, 112, 113, 114, 115, 116, 117, 118, 119, 9	शून्य	488. 89	488. 89	उत्तर :- चौकाली से भेसान रोड पूर्व:- पटाला दक्षिण:- गिरनार पश्चिम:- चौकाली
8	पटाला	भेसान	16, 15, 12, 13, 14, 6, 11, 10, 8, 7, 22, 19, 17, 18,	शून्य	169. 84	169. 84	उत्तर :- बलियावाद से हदमातिया रोड पूर्व:- हतमातिया दक्षिण:- गिरनार पश्चिम:- बलियावाद, ईसापुर

IndiaCode

9	हदमातिया विशा	भेसान	84, 57, 58, 59, 60, 61, 18/1, 18/2, 65/1, 65/2, 66, 67, 15, 14, 16, 17, 64, 13, 12, 69, 68, 63, 62, 75, 76, 79, 80, 81, 8, 82, 83, 78, 77, 74/1, 74/2, 73, 72/1, 72/2, 71, 9, 10, 11, 70,	शून्य	240. 72	240. 72	उत्तर :-	पटला से मंदपारा
							पूर्व:-	मंदपारा
							दक्षिण:-	गिरनार
							पश्चिम:-	पटवाद
10	मंदपारा	भेसान	38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49,50,51,52,53/1, 16,16/1,16/2	शून्य	224. 92	224. 92	उत्तर :-	जूनागढ़ से भेसान रोड
							पूर्व:-	नदी
							दक्षिण:-	मलीदा, दूधला, गिरनार
							पश्चिम:-	गिरनार, हदमातिया
11	दूधला	भेसान	39, 40/1, 40/2, 38/1, 38/2, 37, 43, 44, 42, 41, 13, 12, 11, 14, 10, 3, 8, 4, 9/1, 9/2, 15, 16, 17/1, 17/2, 18/1, 18/2, 19, 20, 21, 22, 23, 24,	शून्य	113. 91	113. 91	उत्तर :-	मेंडपारा
							पूर्व:-	सोनरख नदी
							दक्षिण:-	पासवाल, मलिदा
							पश्चिम:-	मलिदा, मेंडपारा
12	मलिदा	भेसान	पूरा गांव	शून्य	607. 64	607. 64	उत्तर :-	गिरनार, मेंडपारा, दूधला
							पूर्व:-	पासवाला
							दक्षिण:-	पासवाला, गिरनार
							पश्चिम:-	गिरनार
13	पसवाला	भेसान	पूरा गांव और	शून्य	182. 99	182. 99	उत्तर :-	दूधला
							पूर्व:-	केरिया, पटवाड
							दक्षिण:-	पटवाड, गिरनार
							पश्चिम:-	गिरनार, मलिदा
14	सामतपारा	भेसान	सर्वे सं..26	शून्य	19. 10	19. 10	उत्तर :-	पटवाड
							पूर्व:-	सर्वे सं.23 और पटवाड
							दक्षिण:-	पटवाड
							पश्चिम:-	पटवाड
15	पतवाड़	भेसान	पूरा गांव	शून्य	550. 44	550. 44	उत्तर :-	गिरनार, पासवाडा, करिया, सामतपारा
							पूर्व:-	छोडवादी
							दक्षिण:-	छोडवादी गिरनार
							पश्चिम:-	गिरनार
16	छोडवादी	भेसान	282/पीटी, 227, 281, 279, 280, 290, 289, 288, 697, 292, 293, 294, 295, 277, 398, 275, 274, 273, 272, 291,	शून्य	1107. 38	1107.38	उत्तर :-	पटवाडा, सर्वे. सं.198,200, 398, 201, 202, 218, 220, 222

IndiaCode

			300,299,298,199/1,199/2,225,226,228, 229,227,230				पूर्वः-	सर्वे. सं.222, 223, 224,423,261/1,261/2, 266, 267, 268, 269, 301, 302, 304, 305 नाव वाघनिया
							दक्षिणः-	नाव वाघनिया, मडलिकपुर
							पश्चिमः-	गिरनार, पटवाड
17	नाव वाघनिया	भेसान	22/1, 22/2, 1, 2, 3, 6, 5, 4 ,	शून्य	47. 56	47. 56	उत्तर :-	छोडवादी
							पूर्वः-	बलियावाड से जैतपुर रोड
							दक्षिणः-	मडलिकपुर
							पश्चिमः-	मडलिकपुर, छोडवादी
18	मंडालिकपुरा	जूनागढ़	142, 141, 140, 139, 137, 136/1, 136/2,135, 134, 133, 132, 131, 130, 129, 246, 127, 125, 124,119, 118, 120, 121, 123/1, 123/2, 128, 122, 116, 117, 115, 114, 147, 146,138, 145,153, 154, 155, 144/1, 144/2, 143, 160, 157/1/सी, 157/1/बी, 157/1/ए, 157/2, 156, 159, 161, 162/1; 162/2, 162/3, 158, 163, 164, 165, 152, 150, 149/1, 149/2, 149/3, 148, 169/1, 169/2, 169/3, 193/1, 193/2, 193/3, 192, 170, 168/1, 168/2, 166,167, 174, 175, 173/1, 173/2, 172,171, 181, 191, 190/1, 190/2, 190/3,189, 188,187, 186, 185, 184, 183/1, 183/2, 182/1, 182/2, 180, 176, 177, 179, 178,	शून्य	423.71	423.71	उत्तर :-	गिरनार, छोडवादी, नाव वाघनिया
							पूर्वः-	बंधाला से जैतपुर रोड
							दक्षिणः-	बंधाला
							पश्चिमः-	बंधाला, गिरनार
19	बंधाला	जूनागढ़	129, 130, 131, 127, 132, 137 ,138 , 139/1, 139/2, 140, 156, 155, 154, 150, 153, 142, 141, 136, 133, 135, , 134, 122, 125, 126, 124, 123, 120, 119, 121 118, 146, 145, 147 ,148/2, 149, 151, 152, 155, 143, 144, 117, 94, 93, 96, 97 , 98, 99, 100/1, 100/2, 101, 102, 103 ,1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 222/1, 24, 25/2, 26/1, 26/2, 27, 35, 34, 36, 40, 41, 42, 54/3, 54/1, 86, 87/3, 87/2, 87/1, 88/1, 88/2, 88/3, 89/2, 92, 160, 164, 174, 175,	शून्य	408.09	408.09	उत्तर :-	गिरनार, मंडलिकपुर
							पूर्वः-	91, 90, 89, 88/1, 82, 83, 85, 54/1, 43, 44, 39/1, 39/2, 38, 37/4, 37/3, 37/2, 37/1, 33, 30
							दक्षिणः-	उम्रला, सर्वे.सं. 117, 116, 115, 111, 110, 148/1, 165, 166, 168, 173, 172, 178/1,
							पश्चिमः-	सर्वे. सं. 23,11,20,19,15,14,13, 9,219,221,103,102,101,95 भालगाम, गिरनार .

IndiaCode

			178/1/ए, 157, 158, 159, 160, 164, 176/1, 176/2, 177,163/2,162,161,163/1,				
20	भालगांव	जूनागढ़	74, 75, 76, 77, 78, 25, 26, 24, 23, 22 , 21, 28, 43, 44, 45 ,46 , 49, 47, 39, 40, 42, 41, 30, 29, 11 32, 13, 14, 15, 16 ,17 ,18, 19, 20, 59, 60, 63, 66, 67 ,58	शून्य	726.50	726.50	उत्तर :- गिरनार पूर्व:- बंधाला और सर्वे. सं. 57/1, 61, 62, 64, 65, 55, 68 दक्षिण:- सर्वे. सं. 33/1, 34, 38, 50, 57/1, 58, और नवागाम पश्चिम:- मंदनपारा
21	मंदनपारा	जूनागढ़	पूरा गांव	शून्य	648. 86	648. 86	उत्तर :- हदमातिया और सर्वे. सं. 33/2, 32/1, 32/2, 23/1, 24/1, 24/2, 25, और मंदनपारा से भेसान रोड पूर्व:- खर्चीया दक्षिण:- दूधाला, मलिदा तथा गिरनार पश्चिम:- हदमातिया
22	टोरनिया	जूनागढ़	पूरा गांव	60.5171	385.6929	446.21	उत्तर :- गिरनार पूर्व:- मंदनपारा दक्षिण:- छोड़वादी, खड़िया पश्चिम:- खड़िया, गिरनार

IndiaCode

23	खड़िया	जूनागढ़	1, 2, ग्राम स्थल,181/1, 181/2, 182, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192, 193, 194, 195, 196, 197, 198, 199, 200, 201, 202, 203, 204/1, 205/1, 205/2, 205/3, 205/4, 206/1, 207/1, 208, 209/1, 209/2, 209/3, 210, 211, 212, 213, 214, 215, 216, 217, 218, 219, 220, 221, 222, 223, 224, 225, 226, 227, 228, 229, 230, 231, 232, 233, 234, 235, 236, 237, 238, 239, 240/1, 240/2, 240/3, 241/1, 241/2, 242/1, 242/2, 243, 244/1, 244/2, 244/3, 245/1, 245/2, 245/3, 245/4, 246, 247, 248/1, 248/2, 249,249 ,250 ,251 ,252 ,253, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 264/1, 264/2, 265, 266, 267, 268, 269, 270/1, 270/2, 270/3, 270/4, 270/5, 271, 272/1, 272/2, 272/3, 273, 274/1, 274/2, 274/3, 274/4, 275, 276/1, 276/2, 277, 278, 279, 280, 319/1, 319/2, 320	शून्य	825.85	825.85	उत्तर :- डुगरपुर, गिरनार, टोरनिया पूर्व:- टोरनिया दक्षिण:- जूनागढ़ से बिलखा रोड पश्चिम:- डुगरपुर
24	डुगरपुर	जूनागढ़	75, 74, 76, 77, 78, 73, 69, 70, 71, 80, 81, 82, 83, 84, 68, 69, 66, 67, 65, 64, 53, 54, 52, 51, 56, 63, 62, 60, 120, 57/2, 57/1, 59, 58, 108, 49, 36, 33, 32, 31, 30, 29, 28, 27, 26, 35, 38, 37, 44, 40, 7, 8, 6, 25, 24, 23, 22, 21, 20, 19, 18, 17, 16, 15, 14, 12, 1, 2, 3, 4, 101, 102, 103, 100, 100/ए,बी,सी,डी, 98, 99, 110, 108, 96, 97, 106, 100पीटी,	शून्य	356. 26	356. 26	उत्तर :- गिरनार पूर्व:- गिरनार, खड़िया दक्षिण:- खड़िया पश्चिम:- डुगरपुर, पलास्वा का 95, 93, 92, 98, 89, 88, 87, 85, 84पीटी,

IndiaCode

25	पलस्वा	जूनागढ़	पेटा गोल सं. 2पीटी, 49पीटी, 51/2, 54पीटी, 55, 51/1/3, 51/1/2, 51/1/1, 72, 73, 171, 75, 76, 77, 78, 80, 81	शून्य	109.20	109.20	उत्तर :- पूर्व:- दक्षिण:- पश्चिम:-	जूनागढ़ जूनागढ़, डुगरपुर पेटा गोल सं..2पीटी 49पीटी, 202पीटी, 54पीटी, 55पीटी, 56, 185, 71, 74, 84,
26	जूनागढ़	जूनागढ़	40,371,414,41,398,39,35,36/1,36/2,34,33 ,32,31,30/1,20,21/1,21/2,426/1426/2,425 ,22,23,24,25,26,27,28,29,19/1,413,19/2, 18,17,16,11,12,15,14/1 14/2, 14/3, 13/1, 13/2 13/3,10,9,8,7,6,5,4,3,2,1,359,360, 361,362,363,364,365,366,367,368 369,345,346,349,350,341,347,352,351,35 3,354,318,317,316315, 314,355,358,357,313,312,311, 310,309,356,378,377,341/1,371/1ए388,37 1/2,391/1,391/2, 46/1, 47/1, 48, ,49/1,2, 50, 51/1,2, 52, 53पीटी, 55, 391/1,2, 391/2, 400, 401, 414, 421, 428, 429, 430, 431, 432, 63, 54, 56, 57, 67	शून्य	408. 21	408. 21	उत्तर :- पूर्व:- दक्षिण:- पश्चिम:-	दौलतपारा, गिरनार गिरनार पलास्वा सर्वे. सं. 391, 376, 376पीटी, 303, 302, 301, 298, 319, 320, 340, 342, 343, जूनागढ़ शहर, 371पीटी, जूनागढ़, खंबधरौल का प्लाट नं. 58, 59, 61, 62, 65, 66, 68,
27	भावनाथ	जूनागढ़	पूरा गांव	शून्य	145.73	145.73	उत्तर :- पूर्व:- दक्षिण:- पश्चिम:-	गिरनार गिरनार गिरनार गिरनार
			कुल	**60.5171**	**9257.0629**	**9317.58**		

IndiaCode

उपाबंध-III
(पैरा 3 देखें)

गिरनार वन्यजीव अभयारण्य के आसपास पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में प्रतिषिद्ध, विनियमित अथवा अनुज्ञात किए जाने वाले कार्यकलाप

क्र.सं.	कार्यकलाप	प्रतिषिद्ध	विनियमित	अनुज्ञात	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	वाणिज्यिक खनन	हां			घरों के निर्माण अथवा मरम्मत तथा वैयक्तिक उपयोग हेतु आवास हेतु कंट्री टाइलों या ईंटों के विनिर्माण के लिए विनियमन से मिट्टी की खुदवाई प्रतिषिद्ध नहीं होगी।
2.	वृक्षों की कटाई		हां		उपयुक्त प्राधिकारी की अनुमति से
3.	आरा मशीनों की स्थापना	हां			
4.	प्रदूषण के कारक उद्योगों की स्थापना (जल, वायु, मिट्टी, शोर, आदि)	हां			
5.	होटल और रिसॉर्ट की स्थापना		हां		अनुमोदित मास्टर प्लान के अनुसार पर्यावास का ध्यान रखा जाता है और वहांवन्यजीवा की आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं है ।
6.	जलावन लकड़ी के वाणिज्यिक उपयोग	हां			होटलों तथा अन्य व्यवसाय स्थापना के लिए
7.	कृषि प्रणालियों के तीव्र परिवर्तन		हां		
8.	वाणिज्यिक जल संसाधन भू-जल संचयन सहित	हां			होटलों तथा अन्य व्यवसाय स्थापना के लिए
9.	प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना	हां			

IndiaCode

10.	बिजली के तारों की स्थापना		हां		भूमिगत केबलिंग को बढ़ावा
11.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथा			हां	तथापित, इनमें से कुछ क्रियाकलापों के अत्यधिक विस्तार को मास्टर प्लान के अनुसार विनियमित किया जाए
12.	वर्षा जल संचयन			हां	
13.	होटल और लॉज परिसर में बाड़ लगाना	हां			
14.	जैविक खेती			हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए
15.	दुकानदार द्वारा पॉलीथीन बैग का प्रयोग	हां			
16.	अक्षय ऊर्जा स्रोत का उपयोग			हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए
17.	सड़कों को चौड़ा करना		हां		इसे उपयुक्त ईआईए तथा उपशमन उपायों के अनुसार किया जाए।
18.	रात में वाहनों का यातायात		हां		वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु
19.	विदेशी प्रजातियों का रखना	हां			
20.	किसी भी खतरनाक पदार्थों का उपयोग या उत्पादन	हां			
21.	पर्यटन से संबंधित कार्यकलाप जैसे कि नेशनल पार्क से ऊपर एयरक्राफ्ट और गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान	हां			
22.	पहाड़ी ढ़लानों और नदी के किनारों की सुरक्षा		हां		मास्टर प्लान के अनुसार
23.	प्राकृतिक जल निकायों या स्थलीय क्षेत्र में अपशिष्ट और ठोस अपशिष्ट का विसर्जन	हां			
24.	हवा और वाहनों से होने वाले प्रदूषण		हां		
25.	साइन बोर्ड और होर्डिंग		हां		
26.	सभी कार्यकलापों हेतु हरित प्रौद्योगिकी को अपनाना			हां	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS

NOTIFICATION

New Delhi, the 31st May, 2012

S.O. 1260(E).— WHEREAS, with the prime aim of long term protection and conservation of Asiatic Lion and the rare and endangered biological diversity, the 17827.29 hectare of Girnar Reserve Forest in Junagadh Taluka and Bhesan Taluka of Junagadh District was declared as Girnar Wildlife Sanctuary;

AND WHEREAS, Girnar forests categorised as Southern Tropical Dry Deciduous and Dry Teak Forest supports rich plant biodiversity, and also a variety of mammals, reptiles, insects and avifauna and is a catchment of important rivers like Sonrakh, Gudajali, Loi and thus plays an important role in recharging the water table of Junagadh;

AND WHEREAS, the extremely closed vicinity of the Sanctuary to human habitation, ongoing developmental activities, industrialisation and mining activities around the Sanctuary, necessitate the requirement of proper safeguards and control over such activities in view of long term wildlife conservation;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area around the protected area of Girnar Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view;

AND WHEREAS, a draft notification under sub-section (1) read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of India in the Ministry of Environment and Forests number S.O. 1264(E), dated the 1st June, 2011, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public on the 1st June, 2011;

AND WHEREAS, all objections and suggestions received in response to the draft notification have been duly considered by the Central Government;

